1080513 - C1

विद्यार्थी उत्तर-पुस्तिका में मुख पृष्ठ पर कोड नं. अवश्य लिखें।

Class - X
कक्षा - X

HINDI
हिन्दी

(Course B)
(पाठ्यक्रम ब)

निर्धारित समय : **3** घंटे] [अधिकतम अंक : **80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14** हैं।
- प्रश्न-पत्र में बाएँ हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 18 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। इस अवधि के दौरान छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

निर्देश :

(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं — **क, ख, ग** और **घ**।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

खंड 'क'

1. अपठित गद्यांश

संगीत के बारे में प्राय: जनसाधारण की यह मान्यता है कि वह मन बहलाने अथवा मनोरंजन का साधन है, अथवा भजन-पूजन में कविताएँ छंद आदि भगवान के गुणगान की चीज़ है। वस्तुत: संगीत के और भी उपयोग हैं। यह मनुष्य की ही नहीं, मूक पशु-पक्षियों तक की भावनाओं को प्रेरित करने में सक्षम है। मनुष्य समझदार होने के कारण और अधिक लाभान्वित होता है। उसकी कोमल भावनाएँ झंकृत और तरंगित होती हैं। इससे उनमें करुणा, रौद्र, वीर, वात्सल्य, दया, ममता, उदारता आदि की भावनाएँ जागती है। संगीत में ऐसी शक्ति है जो जीवन में रस घोल देती है, मन की भावनाओं को सहलाती है। उत्तम संगीत शरीर में थिरकन और उमंग भर देता है।, व्यक्ति में काम करने का उल्लास जगाता है। हर कला प्रेमी को संगीत अपनी ओर आकर्षित करता है। हमें नई प्रेरणा व नई दिशा देता है।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए।

(क) जनसाधारण के अनुसार संगीत किसका साधन है ? **1**

(i) प्रेम

(ii) दया

(iii) मनोरंजन

(iv) करुणा

(ख) भजन-पूजा में कविताएँ एवं छंद किसके गुणगान की चीज़ हैं ? **1**

(i) भारतमाता

(ii) भगवान

(iii) माँ

(iv) जाति

(ग) संगीत मनुष्य के अतिरिक्त किसकी भावनाओं को प्रेरित करने में सक्षम है ? **1**

(i) पशु-पक्षी

(ii) फूलों

(iii) प्रकृति

(iv) नदियों

(घ) संगीत से मनुष्य की कौन-सी भावनाएँ झंकृत होती हैं ? **1**

(i) पावन

(ii) मधुर

(iii) कोमल

(iv) स्नेहपूर्ण

(ङ) उचित शीर्षक बताइए : **1**

(i) जनमान्यता

(ii) कोमल भाव

(iii) भावतरंग

(iv) संगीत क महत्त्व

2. अपठित गद्यांश

धन के तीन उपयोग हैं – भोग, दान और नाश। धन का व्यय विलास में करने का नाम भोग है। और भोग करने से केवल क्षणिक आनन्द की प्राप्ति होती है। यह दुरूपयोग है धन का। धन का सदुपयोग सुख और शान्ति देता है। धन के द्वारा किया गया सबसे महत्त्वपूर्ण कार्य परोपकार के लिए दान है। भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगी को दवा, अनाथ को घर-द्वार और अपाहिजों के लिए आराम के साधन आदि वस्तुएँ धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं। धन रहने के कारण एक अमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं, जो कि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं होते, चाहे वह इसके लिए कितना भी इच्छुक हो। संसार में ऐसे अमीर बहुत कम हैं जो अपना भोगविलास त्याग कर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं। वे वास्तव में धन का सदुपयोग करते हैं। परन्तु जो न धन का भोग करते हैं, न ही धन का दान करते हैं, उनके धन का नाश अवश्यंभावी है।

उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प को चुनकर लिखिए।

(क) धन के कितने उपयोग हैं? **1**

(i) लोभ, काम और क्रोध

(ii) लोभ, मोह और क्रोध

(iii) भोग, लोभ और मोह

(iv) भोग, दान और नाश

(ख) धन के भोग में कैसा आनन्द प्राप्त होता है? **1**

(i) लघु आनन्द

(ii) स्थायी आनन्द

(iii) क्षणिक आनन्द

(iv) दीर्घ आनन्द

(ग) भोग किसे कहते हैं? **1**

(i) विलास में धन का व्यय करने को

(ii) दूसरे की सहायता में धन का व्यय करने को

(iii) दान में धन का व्यय करने को

(iv) बेकार उड़ाने में धन का व्यय करने को

(घ) धन का सदुपयोग क्या है? **1**

(i) भोग

(ii) दान

(iii) योग

(iv) नाश

(ङ) धन का नाश कब अवश्यंभावी है ? **1**

(i) जब केवल भोग हो

(ii) जब दान और भोग दोनों हों

(iii) जब न तो धन का भोग हो और न दान

(iv) जब न तो योग हो न भोग

3. अपठित काव्यांश :

क्षमा, दया, तप, त्याग, मनोबल
सबका लिया सहारा
पर नर व्याघ्र सुयोधन
तुमसे कहो, कहाँ कब हारा ?
क्षमाशील हो रिपु समक्ष
तुम पर हुए विनत जितना ही
दुष्ट कौरवों ने तुमको कायर
समझा उतना ही।
क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो
उसको क्या जो दंतहीन, विषरहित
विनीत सरल हो।
तीन दिवस तक पंथ माँगते
रघुपति सिन्धु किनारे
बैठे पढ़ते रहे छंद अनुनय के प्यारे-प्यारे।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छाँटकर लिखिए।

(क) दुर्योधन को हराने के लिए किसका सहारा नहीं लिया? **1**

(i) क्षमा

(ii) त्याग

(iii) मनोबल

(iv) क्रोध

(ख) दुष्ट कौरवों ने क्या समझा ? **1**

(i) वीर

(ii) कायर

(iii) क्षमाशील

(iv) दयावान

(ग) क्षमा किस साँप को शोभा देती है ? **1**

(i) दंतहीन

(ii) विषरहित

(iii) विषसहित

(iv) विनीत

(घ) रघुपति सिन्धु किनारे क्यों गए ? **1**

(i) सिन्धु पार करने

(ii) पंथ माँगने

(iii) घूमने

(iv) दुश्मन को देखने

(ङ) रघुपति ने कौन से छंद पढ़े ? **1**

(i) विनय के

(ii) प्रार्थना – गीत के

(iii) क्रोध स्वर के

(iv) वीरता के

4. अपठित काव्यांश :

है जन्म लेते जगह में एक ही
एक ही पौधा उन्हें है पालता
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता
छेद कर काँटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर वसन।
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर
भौंर का है बेध देता श्याम तन
फूल लेकर तितलियों को गोद में
भौंर को अपना अनूठा रस पिला

निज सुगन्धों का निराले ढंग से
है सदा देता कली का जी खिला।
है खटकता एक सबकी आँख में
दूसरे है सोहता सुर-सीस पर।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

उपर्युक्त काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प छाँटकर लिखिए।

(क) कवि ने 'काँटे' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है? **1**

(i) सज्जन पुरुष
(ii) मित्र
(iii) दुर्जन पुरुष
(iv) शत्रु

(ख) 'फूल' किसे कहा गया है? **1**

(i) सज्जन पुरुष
(ii) मित्र
(iii) दुर्जन पुरुष
(iv) शत्रु

(ग) इस पद्यांश में किसे महत्त्व दिया गया है ? **1**

(i) कुल गोत्र
(ii) चरित्र एवं स्वभाव
(iii) चरित्र
(iv) स्वभाव

(घ) 'बड़प्पन' शब्द का आशय है : **1**

(i) बड़े लोग
(ii) ऊँचे लोग
(iii) अमीर लोग
(iv) महान व श्रेष्ठ लोग

(ङ) इस काव्यांश का उचित शीर्षक होगा : **1**

(i) फूल का जीवन
(ii) काँटो का जीवन
(iii) फूल और काँटे
(iv) फूल और जीवन

खंड 'ख'

5. (क) निम्नलिखित में से क्रिया विशेषण का भेद नहीं होता। **1**

(i) कालवाचक क्रिया विशेषण

(ii) स्थानवाचक क्रिया विशेषण

(iii) रीतिवाचक क्रिया विशेषण

(iv) पुरुषवाचक क्रिया विशेषण

(ख) गीता एक महान धार्मिक पुस्तक है। रेखांकित को कहेंगे : **1**

(i) पद

(ii) सर्वनाम

(iii) क्रिया

(iv) विशेषण

(ग) रेखांकित शब्दों में पदबन्ध का भेद है : **1**

ईश्वर का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ उपहार मानव जाति है।

(i) क्रिया पदबन्ध

(ii) संज्ञा पदबन्ध

(iii) सर्वनाम पदबन्ध

(iv) क्रिया विशेषण पदबन्ध

(घ) सर्वनाम पदबन्ध का उदाहरण है – **1**

(i) कुछ लोग बचपन से लेकर बुढ़ापे तक मूर्खता करते रहते हैं।

(ii) बात-बात पर गरजने वाले तुम आज शान्त कैसे हो ?

(iii) वह सदा सच बोलता है।

(iv) धीमी आवाज़ में बोलना अच्छा गुण है।

6. (क) प्रेमचन्द ने अनेक प्रसिद्ध उपन्यास लिखे। उचित पद-परिचय है : **1**

(i) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ता कारक

(ii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्मकारक

(iii) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

(iv) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, कर्त्ताकारक

(ख) 'अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण, पुल्लिंग, बहुवचन, 'चित्र' विशेष्य के लिए विशेषण।' प्रस्तुत पद परिचय के लिए उचित वाक्य है। 1

(i) इस पुस्तक में अनेक चित्र हैं।

(ii) अनेक बच्चों ने चित्र देखे।

(iii) भारत में अनेक धर्म चित्रित है।

(iv) अनेक विद्यार्थी परीक्षा देने गए।

(ग) जिसका मुझे भय था, वही हुआ। रचना के आधार पर वाक्य-भेद है। 1

(i) सरल वाक्य

(ii) संयुक्त वाक्य

(iii) मिश्रित वाक्य

(iv) संदेहवाचक

(घ) सुरेश सुबह उठा। उसने चाय पी। इन वाक्यों से बना संयुक्त वाक्य है। 1

(i) सुरेश ने सुबह उठकर चाय पी।

(ii) जब सुरेश सुबह उठा तब उसने चाय पी।

(iii) सुरेश सुबह उठा और उसने चाय पी।

(iv) सुरेश ने सुबह उठते ही चाय पी।

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्रित वाक्य को छाँटिए। 1

(i) जो परिश्रम करता है उसे सफलता मिलती है।

(ii) परिश्रमी व्यक्ति सफल होता है।

(iii) सफलता तभी मिलेगी जब परिश्रम करोगे।

(iv) परिश्रम करोगे तो सफलता मिलेगी।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य का उदाहरण है : 1

(i) गार्ड ने हरी झंडी दिखाई और ट्रेन चल पड़ी।

(ii) गार्ड के हरी झंडी दिखाते ही ट्रेन चल पड़ी।

(iii) जब गार्ड ने हरी झंडी दिखाई तब ट्रेन चल पड़ी।

(iv) गार्ड ने हरी झंडी दिखाई तो ट्रेन चल पड़ी।

(ग) लोकोक्ति का सन्धि विच्छेद है : **1**

(i) लोको + क्ति

(ii) लोक + ओक्ति

(iii) लोक + उक्ति

(iv) लोक + उक्ती

(घ) देवी + आगमन की सन्धि है : **1**

(i) देव्यागमन

(ii) देवीगमन

(iii) देवीआगमन

(iv) देवआगमन

8. (क) राका + ईश की सन्धि है : **1**

(i) राकईश

(ii) राकाऐश

(iii) रीकीश

(iv) राकेश

(ख) 'सत्याग्रह' में प्रयुक्त समास है। **1**

(i) तत्पुरुष

(ii) कर्मधारय

(iii) द्वन्द्व

(iv) अव्ययीभाव

(ग) भवरूपी सागर का समस्त पद है : **1**

(i) संसार जैसा सागर

(ii) भव ही सागर

(iii) भवसागर

(iv) भवरूप सागर

(घ) निम्नलिखित में से किसमें कर्मधारय समास है : **1**

(i) रसोईघर

(ii) यज्ञशाला

(iii) आजीवन

(iv) मृगनयन

9. (क) 'जमीन पर पाँव नहीं पड़ना' मुहावरे का उचित अर्थ है : 1

(i) बहुत इतराना

(ii) बढ़-चढ़ कर बोलना

(iii) सबक मिलना

(iv) उँचा सोचना

(ख) 'आँखें फोड़ना' मुहावरे का अर्थ है : 1

(i) बड़े ध्यान से पढ़ना

(ii) लालच करना

(iii) मेहनत करना

(iv) बहुत कष्ट झेलना

(ग) छात्रवृत्ति की परीक्षा में प्रथम आने पर दिनेश के मन पर छाए _____ गए। 1

(i) फूले न समाना।

(ii) घी के दीए जलाना।

(iii) निराशा के बादल छँटना।

(iv) हक्के बक्के रह जाना।

(घ) 'जिसका धन वह रहे उपास, खाने वाले करें विलास' लोकोक्ति का अर्थ होगा – 1

(i) बातें बनाकर दूसरों का धन हड़प लेना।

(ii) पैसा होने पर उपवास रखना चाहिए।

(iii) व्रत आदि नहीं करना चाहिए।

(iv) अपने धन का प्रयोग स्वयं न करके दूसरों के द्वारा किया जाना।

खंड 'ग'

10. किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर लिखिए।

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह
फारिग हो तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़िया ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे उसके भीतर
भी घुस जाती हैं, खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बन्द।

(क) अब यह तोप किस काम आती है? **1**

(i) युद्ध लड़ने के
(ii) शक्ति प्रदर्शन के
(iii) छोटे लड़कों की घुड़सवारी के
(iv) इनमें से कोई नहीं

(ख) तोप के ऊपर बैठकर कौन गपशप करते हैं ? **1**

(i) चिड़ियाँ
(ii) बच्चे
(iii) सैलानी
(iv) विद्यालय के छात्र

(ग) गौरैया तोप में घुसकर क्या बताती हैं ? **1**

(i) अहंकार अवश्य समाप्त होता है।
(ii) शक्तिशाली का अन्त अवश्य होता है।
(iii) अहंकार में चूर नहीं होना चाहिए।
(iv) सभी कथन सत्य हैं।

(घ) यह तोप किसके बारे में बताती है? **1**

(i) इतिहास के बारे में
(ii) शक्ति के बारे में
(iii) अपने अतीत और वर्तमान के बारे में
(iv) अपनी वीरता के बारे में

(ङ) यह तोप किन पर हुए ज़ुल्मों की दास्तान कहती है – **1**

(i) भारतीयों पर

(ii) सैनिकों पर

(iii) मज़दूरों पर

(iv) विदेशियों पर

अथवा

विरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।
राम वियोगी न जिवै, जिवै तो बौरा होइ।।
पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।
एकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ।।

(क) विरह रूपी सर्प कहाँ छिपा बैठा है? **1**

(i) शरीर रूपी बिल में

(ii) भगवान की शक्ति में

(iii) मंत्र विद्या में

(iv) मनुष्य के भाव में

(ख) 'बौरा होइ' का क्या आशय है? **1**

(i) बावला होना

(ii) रामभक्ति के बिना दीवाना होना

(iii) पागल होना

(iv) मानसिक संतुलन खो देना

(ग) पोथी का क्या अर्थ है ? **1**

(i) किताबी ज्ञान

(ii) पुस्तकें

(iii) धार्मिक पुस्तकें

(iv) सांसारिक पुस्तकें

(घ) 'अषिर पीव का' माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? **1**

(i) प्रेम की बातें महत्त्वपूर्ण

(ii) संसार की पीड़ा का अर्थ

(iii) अक्षरों का महत्त्व

(iv) प्रेम के अक्षर से परमात्मा की प्राप्ति

(ङ) 'पोथी पढ़ि पढ़ि' में कौन-सा अलंकार है ? **1**

(i) श्लेष अलंकार

(ii) अनुप्रास अलंकार

(iii) रूपक अलंकार

(iv) उपमा अलंकार

11. निम्नलिखित में से **कोई दो** प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए – **2x2.5=5**

(क) एक दिन जब गुल्ली-डंडा खेलने के बाद छोटा भाई बड़े भाई साहब के सामने पहुँचा तो उनकी क्या प्रतिक्रिया हुई ?

(ख) कलकत्तावासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्त्वपूर्ण था ?

(ग) तताँरा, वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया ?

(घ) फिल्म निर्माता के रूप में शैलेन्द्र की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

12. यदि बड़े भाई साहब की डाँट फटकार न मिलती तो क्या छोटा भाई कक्षा में अव्वल आता ? अपने विचार प्रकट करें। **5**

अथवा

रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगे तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों ? स्पष्ट करें।

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

मेरे भाई साहब मुझसे पाँच साल बड़े लेकिन केवल तीन दरजे आगे। उन्होंने भी उसी उम्र में पढ़ना शुरू किया था, जब मैंने शुरू किया, लेकिन तालीम जैसे महत्त्व के मामले में वह जल्दबाजी से काम लेना पसन्द न करते थे। इस भवन बुनियाद खुद मजबूत डालना चाहते थे, जिस पर आलीशान महल बन सके। एक साल का काम दो साल में करते थे। कभी-कभी तीन साल भी लग जाते थे। बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायदार बने।

(क) लेखक और उसके भाई की आयु में क्या अन्तर था ? **1**

(ख) प्रस्तुत गद्यांश के आधार पर बड़े भाई साहब की विशेषताएँ बताइए। **2**

(ग) बुनियाद के पुख्ता होने का क्या आशय है? **2**

अथवा

एक शाम तताँरा दिन भर के अथक परिश्रम के बाद समुद्र किनारे टहलने निकल पड़ा। सूरज समुद्र में लगे क्षितिज तले डूबने को था। समुद्र से ठंडी बयारे आ रही थी। पक्षियों की सायंकालीन चहचहाटें शनैः शनैः क्षीण होने को थी। उनका मन शान्त था। विचारमग्न तताँरा समुद्री बालू पर बैठकर सूरज की रंगबिरंगी किरणों को समुद्र पर निहारने लगा। तभी कहीं पास से उसे मधुर गीत गूँजता सुनाई दिया। गीत मानो बहता हुआ उसकी तरफ आ रहा हो। बीच बीच में लहरों का गीत सुनाई देता। गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध बुध खोने लगा। लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तन्द्रा भंग की। वह विकल सा उस तरफ बढ़ता गया। अंततः उसकी नज़र एक युवती पर पड़ी जो ढलती हुई शाम के सौन्दर्य में बेसुध एकटक समुद्र की देह पर डूबते आकर्षक रंगों को निहारते हुए गा रही थी।

(क) तताँरा समुद्र तट पर क्यों आया था ? **1**

(ख) समुद्र तट के सायंकालीन वातावरण का वर्णन करें। **2**

(ग) तताँरा की नजर किस पर पड़ी ? वह क्या कर रही थी ? **2**

14. (क) पावस ऋतु में प्रकृति में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं ? कविता के आधार पर स्पष्ट करें। **2.5**

(ख) मीराबाई कृष्ण की चाकरी क्यों करना चाहती हैं ? **2.5**

15. भाइयों के परिवार के प्रति हरिहर काका के मोहभंग की शुरूआत कब हुई ? हरिहर काका कहानी के आधार पर स्पष्ट करें। **3**

अथवा

महन्त ने हरिहर काका को एकान्त कमरे में बिठाकर प्रेम से क्या समझाया ?

16. ठाकुरबाड़ी के प्रति गाँववालों के मन में अपार श्रद्धा के जो भाव हैं, उससे उनकी किस मनोवृत्ति का पता चलता है? **2**

खंड 'घ'

17. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **5**

(क) **साँच बराबर तप नहीं**

सूक्ति का अर्थ
सत्य की महिमा
सत्य का प्रकार
सत्य का स्वरूप

(ख) **वृक्षारोपण; एक सामाजिक दायित्व**

वृक्षारोपण का अर्थ
महत्त्व
वृक्षविहीन धरती का रूप
दुष्परिणाम

(ग) **विद्यार्थी और अनुशासन**

विद्यार्थी का सही रूप
अनुशासन के प्रकार
दोनों एक दूसरे के पूरक

18. विद्यालय के मुख्य द्वार पर बैठे खोमचे वाले की शिकायत करते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। **5**

अथवा

चुनाव के दिनों में कार्यकर्ता घरों, विद्यालयों और सरकारी कार्यालयों की दीवारों आदि पर पोस्टर लगा जाते हैं। इससे लोगों को होने वाली असुविधा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए दैनिक लोकवाणी समाचार पत्र के जनमत कॉलम के लिए पत्र लिखिए।

- o O o -